झारखण्ड सरकार,
जल संसाधन विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान,
जगन्नाथपुर हाई स्कूल, सेक्टर – III, धुर्वा, राँची – 834004

# सूचना

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड के असैनिक एवं यांत्रिक अभियंताओं को प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा, 2013 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पी0डब्लू0डी0 कोड की कंडिका–55 में निहित प्रावधानों के अनुसार आवेदन विहित–प्रपत्र में नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से समर्पित किया जाय। आवेदन–पत्र के साथ प्रमण्डलीय लेखापाल का लेखा–प्रशिक्षण प्राप्ति का प्रमाण–पत्र अवधि के साथ संलग्न होना आवश्यक है। किसी भी वांछित प्रमाण–पत्र के अभाव में उनके आवेदन–पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र दिनांक –14.02.13 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा 2013 की अवधि दि0–10.03.13 से दि0–11.03.13 तक निर्धारित की गई है।

परीक्षा का कार्यक्रम :–

1. **लिखित परीक्षा** :– असैनिक एवं यांत्रिक अभियंताओं की लिखित परीक्षा दि0–10.03.13 को प्रातः 10:30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी, जिसकी अवधि तीन घंटो की होगी।

2. **मौखिक परीक्षा** :– असैनिक एवं यांत्रिक अभियंताओं की मौखिक परीक्षा मुख्य अभियंता, रूपांकण समग्र योजंना एवं जल विज्ञान, राँची के कार्यालय भवन में दिनांक–11.03.13 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक होगी।

## आवेदन–प्रपत्र

नाम :–
पदनाम (असैनिक / यांत्रिक) :–
आई0 डी0 कोड :–
वर्त्तमान पदस्थापन :–
शैक्षणिक योग्यता :–
दूरभाष / मोबाईल संख्या :–
हस्ताक्षर का नमूना :–

नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो चिपकाएँ।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री.........................................................................द्वारा दी गई सूचना सही है एवं उनका हस्ताक्षर अभिप्रमाणित किया जाता है।

**नियंत्री पदाधिकारी का नाम :–**
**पदनाम :–**

**नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर**

**नोट :–** आवेदन–पत्र के साथ दो अतिरिक्त पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र दि0 09.03.13 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से (कार्य अवधि में) हाथों–हाथ प्राप्त कर लेंगे। उन्हें अपने साथ कैलकुलेटर एवं इन्सट्रुमेंन्ट बॉक्स आदि स्वयं लाना होगा।

15.1.13

(ई0 सुरेश पासवान)
मुख्य अभियंता

15/1/13